फाइल सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 27 जनवरी, 2022

विषय: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के दिसंबर 2021 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सार (संख्या- 12)।

इस मंत्रालय से संबंधित दिसंबर 2021 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

**1. सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियानों के संबंध में की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान संचार और जागरूकता पैदा करने में अग्रणी रहा है जिसमें लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता पर बल दिया जाता है।

1.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) **ने व्यापक रूप से** कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित घटनाओं को व्यापक रूप से कवर किया:

(i) **भारत में 50% से अधिक पात्र आबादी के संपूर्ण टीकाकरण की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करने पर** 06.12.2021 को माननीय प्रधानमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के ट्वीट;

(ii) **देशभर में कोविड-19 की स्थिति, ओमिक्रोन और स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए 23.12.2021 को** माननीय प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय बैठक ;

(iii) **15-18 वर्ष के बच्चों के लिए टीकाकरण** और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के लिए **प्रिकॉशन डोज की घोषणा** करने के लिए **25.12.2021** को माननीय प्रधानमंत्री का **राष्ट्र के नाम संबोधन;** और

(iv) ओमिक्रोन वैरिएंट के उभरते खतरे और भारत के सफल कोविड टीकाकरण अभियान पर 26.12.2021 को ***मन की बात*** के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन।

1.2 सार्वजनिक प्रसारक, प्रसार भारती ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) और उनकी क्षेत्रीय समाचार यूनिटों (आरएनयू) के** माध्यम से **ओमिक्रोन मामलों** और समग्र कोरोनावायरस स्थिति पर भारत सरकार के **उपायों, तैयारियों और** अद्यतन जानकारी के बारे में सूचित करने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए हैं।

(i) डीडी न्यूज के **'डॉक्टर्स स्पीक'**, **'आरोग्य भारत'** और **'टोटल हेल्थ'** कार्यक्रमों में कोविड-19 के सभी पहलुओं को शामिल किया। ***'रहे सावधान बढ़ रहें कोविड के मामले', 'ओमिक्रोन पर सरकार की तैयारी: आप भी रहें सतर्क और सावधान', 'ओमिक्रोन- टीकाकरण और सावधानी सशक्त हथियार', 'ओमिक्रोन की चुनौती: रहें सावधान'*** विषयों पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए गए और **इन फोकस, न्यूज नाइट, मिड डे प्राइम** के विशेष एपिसोडों में सरकार की

तैयारी पर भी चर्चा की गई और **लाइव ग्राउंड रिपोर्ट के** साथ **15-18 वर्ष के बच्चों** के **टीकाकरण** की घोषणा की गई। एनएसडी: आकाशवाणी द्वारा ***'कोरोना जागृति' श्रृंखला*** में 15 घंटे से अधिक की अवधि के 30 से अधिक लाइव फोन-इन में चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों और शीर्ष डॉक्टरों के साक्षात्कार प्रसारित किए गए।

(ii) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन;** कोविड **जन आंदोलन**

(iii) एक्सपर्ट स्पीक/इन्फोबाइट्स/फेक न्यूज अलर्ट्स/साउंड बाइट्स आदि।

1.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **प्रतिदिन कोविड-19 बुलेटिन जारी किए, प्रेस ब्रीफिंग** आयोजित की, **इन्फोग्राफिक्स / वीडियो बाइट्स** प्रकाशित किए और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिटों** ने गलत सूचना पर रोक लगाई। पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **9688 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की हैं,** कोविड जागरूकता, आजादी का अमृत महोत्सव, नदी संरक्षण आदि पर **9 प्रेस कॉन्फ्रेंस, 2 वार्तालाप** और **27 वेबिनार आयोजित किए हैं।**

1.4 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय / फील्ड लोक संपर्क ब्यूरो (आरओबी / एफओबी) ने **06 एकीकृत संचार और लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी)** और **01 रेडियो टॉक** का आयोजन किया और **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के** माध्यम से कोविड उचित व्यवहार, 100 करोड़ कोविड टीकाकरण और कोविड टीकाकरण आदि के महत्वपूर्ण विषयों पर **जागरूकता अभियान चलाया** जो निम्नानुसार है :

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 30113 (213471) | 8823 | 5351 | 17921 |

1.5 कोविड-19 टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक देने की राष्ट्रीय उपलब्धि को प्रदर्शित करने के लिए देशभर के सिनेमाघरों में **'100 करोड़ से 100% कोविड-19 वैक्सीन' शीर्षक से एक पीएसए वीडियो** साझा किया गया।

2. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति ने आरओबी, बीओसी द्वारा पोट्टी श्रीरामुलु तेलुगु विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना में **'एक भारत श्रेष्ठ भारत'** (ईबीएसबी) पर 12.12.2021 को आयोजित **प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।** 12 से 14 दिसंबर, 2021 तक आयोजित प्रदर्शनी में हरियाणा और तेलंगाना के युग्मित राज्यों के कला रूपों, व्यंजनों, त्योहारों, स्मारकों, पर्यटन स्थलों आदि के विभिन्न सुरूचिपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर, प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने भी कला और संस्कृति के विषयों पर अपनी उल्लेखनीय पुस्तकें प्रदर्शित कीं।

3. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

*'जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना के तहत आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) मनाने के लिए श्रृंखलाबद्ध पहलें शुरू की गईं।

3.1 डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने **संविधान सभा की पहली ऐतिहासिक बैठक के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य** में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 09.12.2021 को संविधान सभा के प्रतिष्ठित सदस्यों

को दी गई श्रद्धांजलि को व्यापक कवरेज दिया और उसका गहन प्रचार किया। प्रसारित की जा रही **'डीडी दस्तावेज'** श्रृंखला का विशेष ऐपिसोड हैं जिसमें *भारत के मंदिर*, *विजय दिवस* आदि को कवर किया गया। विशेष खंड **'आजादी का सफर'** , **'स्वतंत्रता की गाथा'** और विशेष कार्यक्रम **'आजादी के रंग'** का भी डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर प्रसारण किया गया है। .

3.2 आज़ादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, **सूचना और प्रसारण मंत्रालय 'इंडिया: द वर्ल्ड विदिन' नामक एक श्रृंखला** तैयार करने के लिए प्रमुख **फैक्चुअल एंटरटेनमेंट नेटवर्क**, **डिस्कवरी कम्युनिकेशंस इंडिया, के साथ सहयोग कर रहा है**। इस श्रृंखला में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर छह एपिसोड होंगे और इसमें इन बातों को वर्षों में भारत के विकास के पथ के साथ-साथ इसकी संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित की जाएगी। इस श्रृंखला में भारतीय सिनेमा, भारतीय खाद्य पदार्थों और व्यंजनों, व्यापार और उद्यमिता, आध्यात्मिकता, और प्रकृति एवं संरक्षण पर केंद्रित एपिसोडों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रकार निर्मित एपिसोडों कों टीवी प्रसारण, फेसबुक, यूट्यूब एवं ओटीटी प्लेटफॉर्म, डिस्कवरी प्लस सहित कई प्लेटफार्मों के माध्यम से दुनियाभर में 140 से अधिक देशों में प्रसारित किए जाएंगे। भारत सरकार दूरदर्शन सहित किसी भी गैर-प्रतिस्पर्धी प्लेटफार्म पर इस सामग्री का नि:शुल्क में उपयोग कर सकती है।

3.3 अंतरराष्ट्रीय ओटीटी प्लेटफॉर्म **नेटफ्लिक्स** ने भी अन्य बातों के साथ-साथ, देश भर में **आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने और उसे व्यापक रूप देने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ सहयोग करने** का प्रस्ताव किया है। नेटफ्लिक्स ने वर्षभर विभिन्न विषयों पर कई लघु वीडियो (प्रत्येक 1-2 मिनट के) का निर्माण करने का प्रस्ताव किया है, जिसे इस मंत्रालय द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जा सकता है। ये विषय महत्वपूर्ण तिथियों और घटनाओं जैसे महिला दिवस (8 मार्च, 2022), विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2022), स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2022), आदि हो सकते हैं जिसमें इन विषयों के बारे में संदेश को फैलाने में मदद मिलेगी।

3.4 प्रसार भारती और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के बीच **भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने** और मंच कलाकारों को टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए **20.12.2021 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।** आईसीसीआर के सहयोग से, दूरदर्शन, आईसीसीआर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों/संगीत समारोहों/संगीत/नृत्य प्रस्तुति पर आधारित, आधे घंटे के 52 साप्ताहिक एपिसोड का निर्माण करेगा। यह समझौता ज्ञापन दिसंबर 2021 से दिसंबर 2024 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

3.5 फिल्म प्रभाग ने 06.12.2021 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर **बाबासाहेब अम्बेडकर'** नामक बायोपिक (**184** व्यूअरशिप), 16.12.2021 को **'विजय दिवस' पर फ़िल्में (5666** व्यूअरशिप), 24.12.2021 और 25.12.2021 को **फ़िल्म फेस्टिवल 'रिवर्स ऑफ़ इंडिया'** (**2961** व्यूअरशिप) और 29.12.2021 **और** 30.12.2021 **को सत्यजीत रे** शताब्दी समारोह के भाग के रूप में **फ़िल्म फेस्टिवल 'रे' फॉरएवर' (181** व्युअरशिप) पर विशेष स्क्रीनिंग की। फिल्म प्रभाग ने 15.12.2021 और 16.12.2021 को **'बांग्लादेश मुक्ति के 50 वर्ष'** के अवसर पर कोलकाता में 12 फिल्मों का प्रदर्शन भी किया। बाल चित्र समिति, भारत (सीएफएसआई) ने कई शहरों में फिल्म डिवीजन की **15 देशभक्ति**

**फिल्मों का प्रदर्शन किया,** 01.12.2021 से असमिया बाल फिल्म 'तोरा' की स्क्रीनिंग द्वारा 3 दिवसीय **'नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल'** का आयोजन किया और 07.12.2021 को **'साथी साथ चले'** फिल्म की स्क्रीनिंग करके **सशस्त्र सेना झंडा दिवस** मनाया।

3.6 बीओसी 13.09.2021 से **व्हाट्सएप ग्रुप्स पर इन्फोग्राफिक सीरीज** चला रहा है। माह के दौरान, इन इन्फोग्राफिक श्रृंखला के माध्यम से **38 विस्मृत योद्धाओं को याद किया गया, जिससे अब तक विस्मृत योद्धाओं की कुल संख्या 115 हो गई है**। इस माह के दौरान बीओसी के आरओबी/एफओबी ने इस विषय पर 133 आईसीओपी, 06 वेबिनार और 04 विशेष लोकसंपर्क कार्यक्रम (एसओपी) का आयोजन किया।

4. डीडी न्यूज ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 13.12.2021 को **श्री काशी विश्वनाथधाम** के उद्घाटन और अन्य मुख्य कार्यक्रमों का सीधा और विशेष कवरेज प्रदान किया। मल्टी कैमरा सेटअप और लाइव कमेंट्री के साथ विशेष कार्यक्रम **'काशी - एक नई पहचान'** का प्रसारण किया गया जो काशी से सीधा प्रसारित विशेष **न्यूज नाइट** और **दो टूक** शो के अतिरिक्त थे। देशभर के समाचार पत्रों में विशेष कार्यक्रम' **सुबह-ए-बनारस'**, '**बनारस** का **नया सवेरा'** और **'ब्रेकफास्ट विद बनारस'** का भी प्रसारण किया गया। पीआईबी ने भी माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, द्वारा रचित **"काशी विश्वनाथधाम - हमारी जीवंत विरासत को श्रद्धांजलि"** शीर्षक से एक **विशेष लेख प्रकाशित किया।**

5. **पहला 'काशी फिल्म महोत्सव'** फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ), सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से फिल्म बंधु, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27 से 29 दिसंबर, 2021 तक वाराणसी, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के माननीय पर्यटन और संस्कृति राज्य मंत्री, डॉ नीलकंठ तिवारी ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर अनुगृहित किया, जिसमें अभिनेता और संसद सदस्य (सांसद) श्री रवि किशन और सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भी भाग लिया। अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद और हास्य अभिनेता श्री राजू श्रीवास्तव और प्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर ने उद्घाटन समारोह में कला प्रस्तुति दी। माननीय केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर समापन समारोह में मुख्य अतिथि थे, जिसमें अभिनेता और सांसद सुश्री हेमा मालिनी और श्री रवि किशन द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। हैशटैग **#MagnificentKashiFilmFestival** और **#KashiFilmMahotsav** सोशल मीडिया पर कवरेज सहित सभी प्लेटफार्मों पर महोत्सव को व्यापक कवरेज प्रदान किया गया।

6. **भारत ने सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार फैलाने के पाकिस्तान के इरादे को विफल किया:** मंत्रालय ने 20.12.2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 16 के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करके भारत में सूचना व्यवस्था को सुरक्षित करने के लिए इंटरनेट पर भारत विरोधी प्रचार करने और झूठे समाचार फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनलों और 2 समाचार वेबसाइटों को ब्लॉक करने का आदेश दिया। ये चैनल और वेबसाइट पाकिस्तान से संचालित एक सुनियोजित दुष्प्रचार नेटवर्क से संबंधित थे और ये भारत से संबंधित विभिन्न संवेदनशील विषयों के बारे में फर्जी समाचार चला रहे थे।

7. भारत और वियतनाम के बीच साझेदारी को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 16.12.2021 **को डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में सहयोग पर वियतनाम सरकार के** माननीय सूचना और संचार मंत्री श्री गुयेन मेन हंग **के साथ एक आशय-पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किया।** एलओआई में डिजिटल मीडिया और सोशल नेटवर्क नीतियां और नियामक ढांचे स्थापित करने और दोनों देशों में मीडिया पेशेवरों और अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में जानकारी और अनुभव साझा करने की परिकल्पना की गई है।

8. **सुशासन दिवस और सप्ताह:** डीडी न्यूज ने माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा चेन्नई में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **सदैव अटल** को पुष्पांजलि अपर्ण और सुशासन दिवस पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विज्ञान भवन से किया। डीडी न्यूज द्वारा विशेष आधे घंटे के कार्यक्रम **'सुशासन का मंत्र'** और **'सुशासन के केंद्र में अब गांव', 'सुशासन सप्ताह: प्रशासन गांव की ओर'** पर **मेरा हक** शो के विशेष एपिसोडों, **'मोदी सरकार का सुशासन मॉडल: लोककल्याण का लक्ष्य' पर न्यूज नाइट** और **अटल बिहारी बाजपेयी पर डीडी दस्तावेज़** शो का प्रसारण किया गया।

9. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने 15 से 17 दिसंबर, 2021 तक **माननीय राष्ट्रपति की बांग्लादेश यात्रा, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न परियोजनाओं** के उद्घाटन/आधारशिला रखने के लिए **देहरादून** (04.12.2021), **वाराणसी** (23.12.2021), **हिमाचल प्रदेश** (27.12.2021), **उत्तराखंड** (30.12.2021), उत्तर प्रदेश में **सरयू नगर राष्ट्रीय परियोजना** (11.12.2021), उत्तर प्रदेश में **गंगा एक्सप्रेसवे** (18.12.2021), **कानपुर मेट्रो रेल परियोजना** (28.12.2021), फिनटेक **'इनफिनिटी फोरम'** (03.12.2021) पर नेतृत्व मंच और **अखिल भारतीय मेयर सम्मेलन** (17.12.2021); 21.12.2021 **को** प्रयागराज की उनकी यात्रा और **लाखों महिलाओं द्वारा भाग लेने वाले एक कार्यक्रम में उनकी भागीदारी;** 06.12.2021 को **21वें भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन** में उनकी भागीदारी; **चक्रवात जवाद से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा के लिए** उनकी उच्च स्तरीय बैठक; **भारत के पहले सीडीएस स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और सशस्त्र बलों के अन्य कर्मियों को अंतिम सम्मान देना**; और 16.12.2021 **को प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय सम्मेलन में** किसानों को संबोधन **और** 25.12.2021 को गुजरात में **गुरु नानक देव जी के गुरुपर्व समारोह** का लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार किया। डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी द्वारा स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, रक्षा, खेल आदि जैसे विभिन्न विषयों पर ***'ईयरेंडर 2021'*** **विशेष श्रृंखलाएं प्रसारित की गई। डीडी न्यूज ने विशेष शो क्या बोले यूपी?, दो टूक और इस वक्त** के माध्यम से चुनावी राज्यों से संबंधित चुनावी कवरेज का प्रसारण किया। विशेष कार्यक्रम *'लाइफ एंड टाइम्स ऑफ अ वॉरियर- ट्रिब्यूट टू जनरल बिपिन रावत'* का प्रसारण किया गया और जनरल बिपिन रावत के अंतिम संस्कार की लाइव कवरेज की गई।

10. **'2021 - वादे सच होते हैं'** और **'# सीओपी26 भारत- मानवता के अग्रगामी संरक्षक'** विषयों पर **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)** के दिसंबर 2021 पाक्षिक संस्करण 13 भाषाओं में मुद्रित किए गए और बीओसी द्वारा देश भर में वितरित किए गए। माईगॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 61.7 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

11. **भारत सरकार के कार्य नियतन नियमावली, 1961 के पैरा 23 (VI) के** अनुसार, **सूचना और प्रसारण मंत्रालय "भारत सरकार की ओर से विज्ञापनों के निर्माण और रिलीज" के लिए नोडल मंत्रालय है।** लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी, पूर्ववर्ती डीएवीपी) इस मंत्रालय के तहत इस अधिदेश को कार्यान्वित करने के लिए नोडल निदेशालय है।

तथापि, यह देखा गया है कि कई मंत्रालय/विभाग अभी भी अपने विज्ञापन सीधे जारी कर रहे हैं और कभी-कभी इसे अपने सार्वजनिक उपक्रमों के माध्यम से दोनों प्रकार के विज्ञापन अर्थात प्रदर्शन और वर्गीकृत जारी करने के लिए भेज रहे हैं। इस मंत्रालय ने बार-बार मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से अपने विज्ञापनों को बीओसी के माध्यम से जारी करने का अनुरोध किया। बीओसी बाजार दर की तुलना में बहुत कम दर पर विज्ञापन जारी करता है, और अंतत: प्रभारित दरें 15% कम होती हैं क्योंकि एजेंसी कमीशन संबंधित मंत्रालय/विभाग को वापस कर दिया जाता है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, इस मंत्रालय ने दिनांक 27.12.2021 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिवों से पुन: निम्नानुसार अनुरोध किया है:

(i). सभी मंत्रालयों/विभागों और उनके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को अनिवार्य रूप से बीओसी के माध्यम से अपने प्रदर्शित और वर्गीकृत दोनों विज्ञापनों को रिलीज करना चाहिए। बीओसी संबंधित मंत्रालय/विभाग/पीएसयू के परामर्श से संचार योजना पर निर्णय करेगा।

(ii). केवल छोटे विज्ञापन जो आकार में चौथाई पृष्ठ से कम हैं और प्रकृति में वर्गीकृत हैं, पीएसयू द्वारा असाधारण स्थिति में सीधे जारी किए जा सकते हैं।

(iii). भूमि अधिग्रहण आदि से संबंधित विज्ञापन छोटे होने चाहिए और अधिक विवरण (कानूनी आवश्यकताओं के अधीन) के लिए वेब लिंक के साथ एक क्यूआर कोड दिया जा सकता है।

(iv). जैसा कि हाल ही में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है, अब से क्यूआर कोड वाले प्रदर्शन विज्ञापन उचित रूप से वीडियो से जुड़े हैं और वर्गीकृत विज्ञापन केवल हाइब्रिड प्रारूप में जारी किए जाने चाहिए।

12. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहलें -**

- **2021 में प्रसार भारती की डिजिटल/टीवी दर्शकों की संख्या:** देश भर के दूरदर्शन चैनलों की 6 बिलियन से अधिक दर्शकसंख्या थी और 680 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच बनाई। दूरदर्शन और आकाशवाणी के 185 यूटूब चैनलों के 190+ देशों में 94 मिलियन के साथ एक बिलियन से अधिक बार देखा गया। 2021 में 190+ से अधिक देशों में मौजूद न्यूज़ऑनएआईआर ऐप ने 214 मिलियन+ श्रोताओं की संख्या दर्ज की।

- **हरित आकशवाणी:** केंद्र की हरित पहल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, आकाशवाणी (एआईआर) ने अपनी सभी परिवहन जरूरतों के लिए अपने सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित कर दिया है।

- फिल्म सुविधा कार्यालय (एफएफओ) पोर्टल को **भारत में व्यापार करने में आसानी** के लिए केंद्र सरकार की पहल के साथ कारगर बनाने के प्रयास में, व्यावसायिक स्वीकृति के लिए भारत के राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) नामत: '**माध्यम'** के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। यह एकीकरण

भारत में फिल्मांकन हेतु अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के लिए एफएफओ ऑनलाइन आवेदन तक पहुंच के लिए एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल पर आने वाले आवेदकों को अनुमति देता है।

- **योजना** जर्नल के दिसंबर 2021 के विशेष अंक में भूवैज्ञानिक सूचकांक (जीआई) पर प्रमुख लेख के साथ **आत्मनिर्भर भारत** पर बल दिया गया, जिसमें बहु-क्षेत्रीय पहलों को उजागर करने वाले स्व-निर्भता पर लेख हैं।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 04 गैर-समाचार टीवी चैनलों के संबंध में अनुमति जारी की है और 02 समाचार और 01 गैर-समाचार और समसामयिक विषयों के टीवी चैनलों की अनुमति रद्द कर दी। **31.12.2021 तक** भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **907** है ।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
    - मंत्रालय ने माह के दौरान **बारह (12) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए** और **एक (01) जीओपीए का नवीनीकरण किया है ।**
    - "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान का समर्थन" नामक स्कीम के तहत ऑनलाइन माध्यम से एक **जागरूकता/क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गई।**
    - **माह के दौरान चार (04) सीआरएस** को **40 लाख रुपये की अनुदान सहायता** जारी की गई।

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई) का कार्यालय: माह के दौरान 449** शीर्षक सत्यापन पत्र और **272** पंजीकरण प्रमाण पत्र (नए और संशोधित) जारी किए गए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई): माह के दौरान 96 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 35 और धारा 14 के तहत 61) पर कार्रवाई की गई।

- **सोशल मीडिया कवरेज: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल से 110 से अधिक इन्फोग्राफिक्स, जीआईएफ, वीडियो, रील** आदि साझा करके सभी प्लेटफार्मों पर माह के दौरान विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया गया।

    **आजादी का अमृत महोत्सव को** समर्पित अभियानों जैसे सुशासन सप्ताह, सशस्त्र सेना झंडा दिवस, 'स्वर्णिम विजय वर्ष', राष्ट्रीय किसान दिवस, 'भारत की नदियां' आदि का इन्फोग्राफिक्स, रील और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया था। **काशी फिल्म महोत्सव** का सीधा प्रसारण, और काशी, इसकी संस्कृति, विकास और त्योहार पर ध्यान केंद्रित करने वाले चित्रों और वीडियो को साझा करने के माध्यम से व्यापक ऑन-ग्राउंड कवरेज शुरू किया गया।

    माननीय प्रधानमंत्री की 'काशी विश्वनाथधाम' परियोजना की यात्रा, बनारस संकुल डेयरी, या माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री (एचएमआईबी) की यू21 महिला हॉकी लीग आयोजन के दौरान की यात्रा आदि जैसी महत्वपूर्ण यात्राओं पर प्रकाश डाला गया।

    दो नई वीडियो श्रृंखला शुरू की गई: **'#मोमेंट्स फ्रॉम हिस्ट्री'** प्रसार भारती की अभिलेखीय सामग्री पर केंद्रित है और **'#पीपुल्सपद्मा'** पद्म पुरस्कार विजेताओं के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए है।

*भारतमाला परियोजना,* नवीकरणीय *ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व में भारत चौथे स्थान पर, जम्मू और कश्मीर में विकास* **नीतियों, प्रमुख योजनाओं, पहलों** आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एवी समग्री बनाई गई है। **कैबिनेट के फैसलों** पर आधारित वीडियो भी अंग्रेजी और हिंदी में बनाए जाते हैं और क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किए जाते हैं।

रचनात्मक वीडियो/इन्फोग्राफिक्स (450 से अधिक ट्वीट्स) के माध्यम से कोविड-19 संदेशों को कोविड उपयुक्त व्यवहार और नए वेरिएंट ओमिक्रॉन पर विशेष बल देते हुए समर्पित ट्विटर हैंडल @CovidNewsByMIB के माध्यम से भी साझा किया गया।

(विक्रम सहाय)

संयुक्त सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 23073775